हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 मई 2026



# गर्मी का असर: जिलेभर में 206 हैंडपंप हुए ड्राई, जलस्तर गिरकर पहुंचा 32 मीटर!

## हैंडपंप सुधारने जिले में पर्याप्त कर्मचारी भी नहीं, शहरी इलाकों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में पिछले डेढ़ महीने से जहां भीषण गर्मी से लोग हलाकान हैं। वहीं इस तपती गर्मी में जिले में पेयजल की समस्या भी विकराल रूप लेती जा रही है। तेज धूप, जलस्तर में गिरावट और खराब के चलते जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक 206 हैंडपंप पूरी तरह सूख ड्राई हो चुके हैं। इसके अलावा भूजल स्तर में गिरावट दर्ज की गई है, जो औसतन 32 मीटर लगभग 105 फीट तक नीचे जा पहुंचा है। हालांकि यह पिछले साल के मुकाबले तीन मीटर तक बेहतर स्थिति में है।

उल्लेखनीय है कि गर्मी के दिनों में होने वाले जल संकट को देखते हुए प्रशासन पिछले दो सालों से काम कर रहा है। जिसके तहत जल स्तर को सुधारने के लिए प्रशासन द्वारा वर्षा जल संचयन के तहत लगभग 2.25 लाख गड्ढे (पिट) और 111 पहाड़ियों पर जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गई है। स्थिति से निपटने के लिए पीएचई विभाग ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है। गर्मी में पानी की भारी कमी को देखते हुए जल संरक्षण के लिए जल संचय-जन भागीदारी 2.0 अभियान के तहत 31 मई 2026 तक 10 लाख संरचनाएं बनाने का लक्ष्य है। इसके साथ ही जहां पंचायतों के स्तर पर गांव-गांव फोन कर पेयजल से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली जा रही है।

### पहले से स्थिति बेहतर

राजनांदगांव, डोंगरगढ़ और डोंगरगांव ब्लॉक के कई ग्रामीण इलाकों में जल स्तर 350 फीट से भी नीचे चला गया है। जिसके कारण हैंडपंपों ने पानी छोड़ दिया है। हालांकि जलस्तर पिछले साल के मुकाबले में बेहतर हुआ है। पिछले साल जहां जिले का औसत जलस्तर 35.50 मीटर के आसपास था। इस बार यह अब तक 32.13 मीटर पर ही गया है।



### ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ीं

हैंडपंप सूखने के कारण ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। डोंगरगढ़ ब्लॉक के कुछ गांवों से ऐसी शिकायतें भी आ रही हैं, जहां सरकारी हैंडपंपों का उपयोग अवैध रूप से सिंचाई के लिए किया जा रहा है। जिससे पेयजल संकट और गहरा गया है। इधर जलस्तर में हो रहे गिरावट को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि वे पानी की बर्बादी रोकें और हैंडपंप खराब होने की सूचना विभाग के टोल-फ्री नंबर या नजदीकी कार्यालय में दें। जिससे उसमें जल्द से जल्द सुधार हो पाए।

### टैंकरों से बुझ रही प्यास

एक तरफ जहां एक दशक पहले शहर में पानी की समस्या से निपटारे के लिए अमृत मिशन के तहत 250 करोड़ खर्च किए गए थे। इसके बावजूद कई वार्डों में आज भी पानी की किल्लत जारी है। खासकर राजनांदगांव शहर के आउटर और पटरीपार के क्षेत्रों में पानी का संकट सबसे ज्यादा है। यही कारण है कि गर्मी के इन दिनों में दर्जनभर इलाकों में टैंकरों के जरिये पानी की सप्लाई की जा रही है।

## जिले के दौरे पर रहे सीएम विष्णुदेव साय, छह सौ करोड़ रुपए के काम की घोषणा

# सीएम ने सुशासन तिहार का किया आगाज महतारियों के खाते में भेजी 27वीं किस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार अंतर्गत शहर के मोतीपुर स्कूल में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना के तहत 27वीं किस्त के रूप में 6852382 महिलाओं को 642 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिविर के दौरान राजनांदगांव और आसपास के क्षेत्रों के लिए कई महत्वपूर्ण अधोसंरचना एवं सुविधाओं की घोषणा की। इसमें प्रमुख रूप से राजनांदगांव-खैरागढ़ राजमार्ग के लिए 200 करोड़ रुपए की लागत से नवीन बाईपास का निर्माण। इसके साथ ही टेड़ेसरा-घुमका-बाकल मार्ग के चौड़ीकरण हेतु 75 करोड़ रुपए और धनगांव-इंदामरा-बांकल मार्ग हेतु 30 करोड़ रुपए शामिल है। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल नीलू शर्मा, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल योगेश दत्त मिश्रा, सचिन बघेल, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, प्रदीप गांधी, दिनेश गांधी, प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव रजत बंसल, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, एसपी अंकिता शर्मा, डीएफओ आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित थे।



शहर के चार वार्डों में विकास के लिए एक करोड़ रुपए भी किए स्वीकृत



**सीएम ने की प्रशासन की प्रशंसा:** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा की कि 1 मई से शुरू हुआ समाधान शिविर 10 जून तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव जिला प्रशासन को अप्रैल माह में 1200 से अधिक प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए बधाई दी और अन्य जिलों को भी इसी गति से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य है। निराकरण में देरी करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### खास बातें

- सुशासन तिहार के तहत पहुंचे सीएम साय
- शहर में हॉकी के लिए बनेगा मैदान
- पटरी पार के चार वार्डों में विकास के लिए दिए 25-25 लाख रुपए

### शिकायतों का समय सीमा में समाधान हो

सीएम ने कहा कि ई-डिस्ट्रिक प्रणाली के माध्यम से अब 400 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध है। जिससे लोगों का काम घर बैठे होगा। इसी तरह मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के तहत जल्द ही एक टोल-फ्री नंबर जारी किया जाएगा, जहां प्राप्त शिकायतों का निश्चित समय-सीमा में समाधान अनिवार्य होगा।

### प्रदेश के कोने-कोने का भ्रमण कर रहे सीएम: विस अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज महतारी वंदन योजना के तहत 640 करोड़ रूपए की राशि महिलाओं के खाते में अंतरित की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुशासन तिहार में छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में पहाड़, नदी, गांव, खेत-खलिहान, स्कूल सहित विभिन्न स्थानों में भ्रमण कर रहे हैं। इस दौरान जनता की शिकायतों का समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

### समूहों को रेडी टू ईट का जिम्मा

वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 8 में विकास कार्यों के लिए प्रत्येक वार्ड को 25-25 लाख रूपए, डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी मंदिर के पास 15 कमरों का सर्किट हाऊस और जनपद पंचायत राजनांदगांव के नए भवन हेतु 1 करोड़ रुपए, हॉकी प्रशिक्षण के लिए नए खेल मैदान की घोषणा और जिले की महिला स्व-सहायता समूहों को पुनः रेडी टू ईट निर्माण की जिम्मेदारी की घोषणा की। रामलला तीर्थयात्रा योजना के तहत 42 हजार से अधिक रामभक्तों को लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना भी चालू की जा रही है।

### पटेवा में बनेगा इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर

उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गोंदली (प्याज) रखे है तो आप सभी दे दे। कि नहीं ऐसे 45 डिग्री तापमान में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में वे भ्रमण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में विकास के बहुत से विकास कार्य किए जा रहे हैं। जिले में व्यापक धान खरीदी की गई है। उन्होंने कहा कि लगभग 345 करोड़ रुपए की लागत से ग्राम पटेवा में इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर एवं 25 करोड़ रुपए की लागत से बिजेतला में स्पेस मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर की स्थापना की जा रही है।

# कविराजटोला में टंगिया मारकर महिला की हत्या

## गांव में सनसनी, आरोपी पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुबह के समय ग्राम कविराजटोला में उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों को पता चला कि पति ने अपनी पत्नी पर टंगिया से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमवार को सुबह के समय थाना लालबाग को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कविराज टोलागांव में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी की टंगिया से हत्या कर दी गई है। उक्त सूचना पर थाना लालबाग पुलिस तत्काल मौके पर रवाना होकर सूचना की तस्दीक की गई। मौके पर सूचनाकर्ता राहुल पारधी की रिपोर्ट पर बिना नंबरी मर्ग धारा 194 बीएनएसएस पंजीबद्ध किया गया। जांच के दौरान प्रथम दृष्टया आरोपी रंजीत पारधी 38 वर्ष निवासी ग्राम कविराज टोलागांव का कृत्य धारा 103(1) के अंतर्गत अपराध पाए जाने पर देहाती प्रथम सूचना पत्र बिना नंबरी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में थाना लालबाग पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। मामले में थाना लालबाग पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में थाना लालबाग के थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल, उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, सहायक उप निरीक्षक एपी शीला, आरक्षक कमलकिशोर यादव, बर्मा प्रसाद धृतलहरे एवं राकेश धुर्वे का सराहनीय योगदान रहा है।

### टंगिया व मोपेड को किया जब्त

मामले की जांच कर रही टीम ने आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त टंगिया, टीवीएस मोपेड वाहन एवं घटना के समय पहने कपड़े को विधिवत जब्त कर लिया गया है। इसके साथ ही आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### शौच के लिए जाते समय किया हमला

विवेचना के दौरान आरोपी रंजीत पारधी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी द्वारा बताया गया कि उसका विवाह लगभग 12-13 वर्ष पूर्व हुआ था एवं उसके तीन बच्चे हैं। पिछले 1 वर्ष से उसकी पत्नी उसे छोड़कर उसके चचेरे भाई की पत्नी बनकर रह रही थी। पारिवारिक विवाद एवं आपसी रंजिश के कारण 4 मई की सुबह उसकी पत्नी के शौच हेतु जाने के दौरान ग्राम के शासकीय शौचालय के पास आरोपी द्वारा अपने मोपेड में जाकर अपने पास रखे टंगिया से पत्नी के सिर में वार कर उसकी हत्या कर दी।

## कार्यकर्ताओं ने किया विस अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

# रमन कहीं भी रहे, मेरा मन हमेशा राजनांदगांव में ही रहेगा: डॉ. रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्पाइन सर्जरी के बाद स्वस्थ होकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के राजनांदगांव लौटने पर यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ भव्य आतिशबाजी के बीच स्वागत किया। इस दौरान डॉ. रमन सिंह ने यहां की जनता और भाजपा कार्यकताओं का आभार जताया।

लंबे समय तक स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद डॉ. रमन सिंह सपत्निक रविवार की रात अपने विधानसभा क्षेत्र राजनांदगांव पहुंचे। इस दौरान स्थानीय विधानसभा अध्यक्ष निवास कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके आते ही भव्य आतिशबाजी की और उनका स्वागत किया। उनके स्वस्थ होकर लौटने पर किए गए स्वागत को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि रमन कहीं भी रहे मन राजनांदगांव में रहता है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव ने जो मान दिया, वह अद्भुत है। यह यहां की जनता का आशीर्वाद ही था कि वह समय से पहले ठीक होकर लौटे हैं।

**तीन महीने इलाज के बाद लौटे**

उल्लेखनीय है कि विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह इलाज के चलते तीन महीने के अंतराल बाद राजनांदगांव पहुंचे थे। रविवार देर रात उनके जिला आगमन पर कार्यकर्ताओं में जोरदार उत्साह देखने को मिला। उनके राजनांदगांव आने पर ताबड़तोड़ आतिशबाजी के साथ ही मिठाईयां भी कार्यकर्ताओं ने आपस में बांटी।



### सौ करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत

राजनांदगांव जिले के विकास कार्य को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव के विकास के लिए बजट में 600 करोड़ रुपए से ऊपर का कार्य स्वीकृत हुआ है। जिसमें सौंदर्यीकरण, सिंचाई, सड़क, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य होगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में राजनांदगांव के लिए कई सौगात मिली है।

### जनगणना से मिलेगा स्पष्ट आंकड़ा

जनगणना कार्य को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जनगणना में हम सबको हिस्सा लेना है। इस जनगणना से आवास, नौकरी, आर्थिक स्थिति सामने आएगी। उन्होंने कहा कि 15 साल बाद यह प्रक्रिया हो रही है। जिससे स्पष्ट आंकड़ा मिलेगा। डॉ. रमन सिंह ने महिला आरक्षण बिल को लेकर कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल लोकसभा में लाया गया। जिसका कांग्रेस ने विरोध किया। सर्वसम्मति से अगर यह पास हो जाता तो इसका लाभ अगले चुनाव में महिलाओं को मिलता।

### खेल के क्षेत्र में सौगात

डॉ. रमन सिंह ने खेल के क्षेत्र को लेकर कहा कि जल्द ही यहां वर्ल्ड क्लास क्रिकेट अकादमी बनेगी। इसके लिए 5 एकड़ भूमि स्वीकृत कर दी गई है। जल्द ही उक्त भूमि क्रिकेट एसोसिएशन को सौंपी जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ का काम भी जल्द शुरू होगा। इसके साथ ही सिक्सलेन एथलेटिक ट्रैक का टेंडर भी हो गया है, इसका काम भी शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा।

# निशानेबाजी खेल में ट्रेन पर फेंका पत्थर, दो अपचारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निशानेबाजी की शर्त लगाकर ट्रेन में पत्थर फेंकना दो बच्चों को भारी पड़ गया। ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस में पत्थरबाजी की सूचना मिलने के बाद आरपीएफ ने त्वरित कार्रवाई करते दो अपचारी बच्चों को गिरफ्त में लिया है।



मिली जानकारी के अनुसार रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं ट्रेनों के निर्बाध संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। 3 मई 2026 को गाड़ी संख्या 12101 ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के सामान्य कोच में रसमड़ा–दुर्ग रेलखंड के मध्य किमी 869/10-12 के पास पत्थरबाजी की घटना हुई थी। सूचना मिलते ही आरपीएफ ने त्वरित कार्रवाई करते मामले को सुलझा लिया है।

घटना की जानकारी मिलते ही रेसुब दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद्र आर्य के मार्गदर्शन तथा आरपीएफ पोस्ट राजनांदगांव निरीक्षक प्रभारी तरूणा साहू के नेतृत्व में टीम द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते घटनास्थल पर पहुंचकर सघन जांच प्रारंभ की गई।

### पूछताछ में जुर्म कबूल

मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद्र आर्य के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट राजनांदगांव ने त्वरित कार्रवाई करते घटनास्थल के पास सघन तलाशी अभियान चलाकर दो अपचारी बालकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि निशानेबाजी की शर्त के खेल में उन्होंने चलती ट्रेन पर पत्थर फेंका। परिजनों के सामने जुर्म कबूलने के बाद आरपीएफ ने रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

### होगी वैधानिक कार्रवाई

रेलवे सुरक्षा बल ने पुनः स्पष्ट किया है कि चलती ट्रेनों पर पत्थरबाजी जैसी घटनाएं न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यात्रियों की जान को गंभीर खतरे में डालती है। ऐसे कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

- **श्रीमती तरूणा साहू**, टीआई, आरपीएफ






## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त शिक्षक को विदाई

**तुमडीबोड।** ग्राम पेंडरवानी में पदस्थ शिक्षक टिमनदास साहू के सेवानिवृत्त होने पर समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। ग्रामीणों ने सम्मान के साथ उन्हे विदाई देते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर जीवनलाल पटेल, महेश कंवर, प्रेमदास साहू, शंकर पटेल, चैतराम साहू, छबिलाल साहू, भागवत साहू, पंचराम साहू, मेलचंद पटेल, चमारराय कंवर, दानेश कोठारी, सतीश कोठारी, श्यामप्रसाद पटेल, कुशला यादव, हेमंत साहू, लेखा साहू, रामदास साहू, मेघा साहू, सुषमा बारले, निर्मला साहू, आशाबाई, फेरूराम पटेल आदि उपस्थित थे। ग्रामीणों ने श्री साहू के योगदान को याद करते हुए शाल-श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। यह जानकारी जिला सचिव कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ सतीश कोठारी ने दी।



### क्रूज हादसे के दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाईः हत्थेल



**डोंगरगढ़।** सांसद प्रतिनिधि तरूण हत्थेल ने बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे पर चिंता व्यक्त करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से बिना देरी किए दोषियों को कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करना चाहिए साथ पर्यटन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होना चाहिए।

### चौरे बने राष्ट्रीय उप महामंत्री

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के नेता योगेश चौरे को अखिल भारतीय राज्य सरकारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ का राष्ट्रीय उप महामंत्री नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए योगेश चौरे ने कहा कि छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के लिए यह नाम रोशन करने वाली बात है। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि प्रदेश संगठन को अखिल भारतीय स्तर पर नेतृत्व करने का अवसर मिला है। यह जीत संगठन के प्रत्येक सदस्य के संघर्ष और विश्वास की जीत है।



### जांच के नाम पर बेजा वसूली कर रही पुलिसः महेन्द्र

**तुमडीबोड़।** जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव ने पुलिस प्रशासन पर हेलमेट एवं अन्य जांच के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि सिवनी खुर्द के पास आए दिन पुलिस द्वारा पॉइंट लगाकर किसानों, मजदूरों एवं राहगीरों को अनावश्यक रूप से रोककर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब ढाबों में खुलेआम शराब की बिक्री की शिकायत करने पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। इस संबंध में कई बार सूचना देने के बाद भी अधिकारियों की चुप्पी संदेह जनक है। श्री यादव ने पुलिस कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों की शिकायत मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार सुशासन तिहार मना रही है, वहीं दूसरी ओर आम जनता को प्रशासन द्वारा परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर परेशान करना जारी रहा तो जनता के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

### बागतराई में मुरूम का अवैध खनन

**डोंगरगढ़।** ग्राम बागतराई में इन दिनों अवैध मुरूम उत्खनन और परिवहन का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी वैध अनुमति के लगातार मुरूम की खुदाई की जा रही है, जिससे न केवल राजस्व को नुकसान हो रहा है बल्कि पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार देर रात और सुबह हाईवा के जरिए मुरूम का परिवहन किया जाता है, ताकि प्रशासन की नजर से बचा जा सके। इस अवैध गतिविधि के चलते गांव की सड़कों की हालत खराब हो गई है और धूल से लोगों को परेशानी हो रही है। मामले की जानकारी संबंधित विभागों को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।



### जनगणना में पिछड़ा वर्ग की उपेक्षा

**डोंगरगढ़।** जनगणना में पिछड़ा वर्ग का स्थान होना चाहिए ताकि उनकी संख्या का पता चल सके। जनगणना के दौरान कई बिंदु पर जानकारी ली जा रही है लेकिन पिछड़ा वर्ग को अंदर लिखा जा रहा है जिसके कारण पिछड़ा वर्ग की संख्या पता नहीं चल पाएंगे और लोग आरक्षण सहित अन्य सुविधाओँ से वंचित हो जाएंगे। जिला कांग्रेस के सचिव सुरेश सिन्हा ने कहा कि जनगणना में पिछड़ा वर्ग को स्थान मिलना चाहिए ताकि वास्तविक पारिवारिक संख्या का पता चल सके। उन्होंने जनगणना पोर्टल में संशोधन कर पिछड़ा वर्ग को स्थान देने की मांग की है।



### बेहतर रहे पांचवी- आठवीं के परिणाम



**खड़गांव।** विद्या श्री विजडम स्कूल में कक्षा पांचवीं और आठवीं का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 5वीं में निधि भुवार्य पिता किशनलाल ने 95.5 प्रतिशत, धीरज भोई पिता जितेंद्र भोई 95.45, डॉली घावड़े आ तुलसीराम घावड़े 94.8, दिव्यांश लेंझारे आ बंशीलाल 93.9, अर्चना उसारे आ जागेश्वर उसारे 92.25, प्रेरणा यादव आ कन्हैयालाल यादव 88.8, त्रिदेव आ सुरेंद्र कुमार 86.25, ऋषभ त्रिपाठी आ भुवनेश्वर त्रिपाठी 85.2, साहिल टेकाम आ निर्मल टेकाम 83.8, यमन साहु आ तिलकदास 83.1, प्रेक्षा सलामे आ गनेशराम 82.55, निखील मंडावी आ फूलदास मंडावी 79.9, नितीन मंडावी आ फूलदास मंडावी ने 78.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसी प्रकार कक्षा आठवीं में शैलेष यादव आ पुनीतराम यादव 92 प्रतिशत, आंचल मंडावी आ दिलीप कुमार मंडावी 89, तुषार पटवा आ संतोष पटवा ने 83 अंको के साथ सफलता हासिल किया है। सभी विद्यार्थियों को विद्या श्री विजडम परिवार ने बधाई दी है।

## समूह जल सयंत्र योजना से पानी आपूर्ति के लिए सौंपा ज्ञापन

# बिजली ने बढ़ाया जलसंकट, मुसीबत में फंसी नगर पंचायत, नागरिकों में आक्रोश

### शहर के लोगों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

गर्मी के प्रचंड होने के साथ नगर में जल संकट गहराते जा रहा है। नगर में पेयजल आपूर्ति करने में नगर पंचायत हांफने लगी है। वाटर सप्लाई के लिए लगे आधे से ज्यादा बोर सूख गए है। निकाय को पेयजल आपूर्ति करने के लिए संकटो का सामना करना पड़ रहा है। पर्याप्त पानी नही मिलने से नागरिकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

झुलसा देने वाली गर्मी ने नगरवासियो को व्याकुल कर दिया है। वहीं इन दिनों लोगो को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। वाटर लेबल डाउन होने से नगर के आधे से ज्यादा बोर बंद हो गए है जिससे।जल संकट विकराज हो गया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी पानी टंकियो में दोनो समय पेयजल आपूर्ति करने की मांग को लेकर पीएचई के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। नगर अध्यक्ष ने अधिकारियो को बताया कि वाटर लेवल डाउन होने से नगर में पेयजल आपूर्ति के लिए लगे बोर सूख गए है जिससे निकाय को पेयजल आपूर्ति करने में कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है।

सोमवार को नगर अध्यक्ष ने पीएचई के अनुविभागीय अधिकारी श्री ध्रुवे को ज्ञापन सौंप कर निकाय को दोनो टाइम समूह जल सयंत्र योजना से पानी उपलब्ध कराने की मांग की है। एसडीओ श्री ध्रुवे ने बताया कि लो वोल्टेज के कारण समूह जल संयत्र योजना अंतर्गत आने वाले गांवो में पेयजल आपूर्ति करने में समस्या आ रही है लेकिन जैसे ही यह समस्या दूर होगी निकाय को भी पानी उपलब्ध कराया जाएगा।



#### पावर कट ने बढाई समस्या

बिजली कंपनी ने निकाय की मुश्किलें बढा दी है। नगर में पेयजल आपूर्ति के दौरान बार बार पावर कट हो रहा है। निरंतर बिजली गुल एवं लो वोल्टेज के कारण पानी टंकिया भर नही पा रही है जिससे जलापूर्ति प्रभावित हो रही है ओर नगर पंचायत को नागरिकों के आक्रोश का सामना करना पड रहा है। नगर अध्यक्ष ने बिजली कंपनी के अफसरो से चर्चा कर पेयजल आपूर्ति के दौरान विद्युत बहाल रखने की मांग की है।

#### बैठक में समस्या हल करने पर मंथन

कलेक्टर के निर्देष के बाद पिछले सप्ताह निकाय एवं पीएचई के अधिकारी कर्मचारियों की संयुक्त बैठक हुई थी। बैठक में नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, पीएचई के ईई महेश साहू, एसडीओ श्री ध्रुवे, सीएमओ विजय पांडेय, उपयंत्री योगेश्वर ठाकुर उपस्थित थे। करीब एक घंटे चली बैठक में पेयजल आपूर्ति से जुडी समस्या को दूर करने पर विचार कर कार्ययोजना बनाई गई। इस बैठक के बाद भी नगरवासियों को राहत नहीं मिल रही है।

### खैरबना के दो वार्ड में गहराया जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत खैरबना के वार्ड नौ और आठ में जल संकट गहरा गया है। बीते माह से लोग पानी के लिए भटकने मजबूर है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नल जल योजना संचालित है पर नल का पानी वार्ड नौ एवं आठ में नहीं पहुंच पाता। दो- तीन हैंड पम्प है जो दम तोड़ चुके हैं जिससे लोग पानी के लिए काफी परेशान हैं। इसकी जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों को देने के बाद भी समस्या यथावत बनी है।

मोहल्ले के लोग नीजि बोर या जहां योजना का पानी पहुंच रहा वहां स पानी ला रहे है। तपती धूप में लोग लम्बी दूरी तय कर जल लाने मजबूर है। मवेशियों के लिए भी पेय जल की समस्या बनी हुई है।



#### नाली के समीप पेयजल पाइप

ग्राम के वार्ड क्रमांक 9 में गटर नाली से लगा हुआ पेय जल का पाइप है। जिसमें दोनों पहर पानी आता है। इस पानी की पाईप नाली से सटी है। नाली का गंदा पानी रिस कर पाईप लाईन में गया तो पेयजल दूषित होने की आशंका है। समय पर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीणों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

#### नल-जल से बन रहा घर

पंचायत में नल-जल योजना संचालित है परन्तु इसका लाभ पूरे गांव को नहीं मिल पा रहा है। योजना की पानी टंकी और बोर के आस पास के मोहल्ला में पेयजल की समस्या नहीं है। योजना के पानी से ही पक्के मकान बन रहें हैं। बन चुके मकान की तराई योजना के जल से किया जा रहा है। ठीक इसके विपरीत पंचायत के वार्ड नम्बर आठ, नौ एवं कुछ अन्य वार्ड में लगे नल से पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना के मुख्य पाईप लाईन बिछाने में लापरवाही किया गया है। वहीं लोग नल में टुल्लु पम्प लगाकर औरों के लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं।

#### सरकारी बोर पर व्यक्ति का अधिग्रहण

लोगों ने बताया कि हर साल उन्हें पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ता है। ग्रामीणों की मांग पर कुछ माह पहले इस मोहल्ले में बोर कराया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बोर खनन सरकारी भूमि पर हुआ है परन्तु मोहल्ले के एक व्यक्ति ने एकाधिकार जमा लिया गया है। सरकारी बोर में निजी पम्प लगाकर उपयोग किया जा रहा है और मोहल्ले के लोग पानी के लिए भटक रहें हैं। ग्रामीणों ने मांग किया है उक्त स्थान के अतिक्रमण को हटाकर बोर को सार्वजनिक किया जाए ताकि मोहल्ले में व्याप्त पेयजल समस्या दूर हो सके।

## बंगाल में जीत का भाजपा ने मनाया जश्न



**डोंगरगांव।** मंडल भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बंगाल में भाजपा की जीत पर जमकर जश्न मनाया। पश्चिम बंगाल, असम तथा पांडुचेरी में हुए चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रीराम द्वार के पास जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी के नेतृत्व में एकत्रित होकर आतिशबाजी किया । मिठाई बांटकर जश्न मनाया। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि यह जीत सिर्फ एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि नई दिशा का संकेत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को इस ऊर्जा को आगे भी बनाए रखने का आह्वान किया। इस मौके पर रामकिशन महेश्वरी, रामकुमार गुप्ता, जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, गुलशन हिरवानी, सतीश पाण्डेय, अरुण जैन, योगेश पटेल, लोकेश यदु, जिला महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष हीना मंगल जैन, अंजू त्रिपाठी, ममता उइके, महेश्वरी गंजीर, चुन्नी यदु, विवेक मंडावी, कपिल पड़ौती, खेमदास साहू, भीषम साहू, यदु नायक, अजय सेन, मदन टंडन, दयानंद सेन, प्रकाश गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष शरद वैष्णव, गौरव यदु, नवनीत अहीर, विनय जैन, विनय गंजीर, रमेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## फुलकोड़ो स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

**मानपुर।** प्राथमिक शाला फुलकोड़ो में सरपंच परमानंद उसारे, शाला समिति उपाध्यक्ष रमशीला नेताम एवं पालकों की उपस्थिति में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा पहली में देवांशी प्रथम, संता द्वितीय, कक्षा दूसरी में हिमानिका प्रथम, टिकेंद्र कुमार निषाद द्वितीय, कक्षा तीसरी में दिव्यांसुकुमार प्रथम, यादिति द्वितीय, कक्षा चौथी में रश्मि मौर्य प्रथम, मोनिश कुमार कड़ियाम द्वितीय रहे। सरपंच परमानंद उसारे ने सभी उत्तीर्ण बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा और अच्छे संस्कार बहुत जरूरी है। प्रथम एवं द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। प्रधान पाठक भक्ताराम मंडावी ने बच्चों के विकास में पालकों से सहयोग करने कहा। इस मौके पर नईम खान, नरेश जामड़े, फागूराम मानकर, रामकुमार घावड़े, यशवंत भुआर्य, मुकेश कुमार, तीजूराम भुआर्य, जितेंद्र सोरी आदि मौजूद थे।



## श्रमिकों के साथ ग्रहण किया बोरे बासी

# जनहित के मुद्दों पर सरकार विफल :

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

श्रमिक दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के तत्वावधान में खुर्सीटिकुल में बोरे-बासी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं हल-बैलगाड़ी की पूजा कर श्रमिकों को श्रीफल, गमछा एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। श्रमिकों के साथ बोरे-बासी ग्रहण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीपक बैज ने कहा कि श्रमिक, किसान और युवा देश की असली ताकत हैं, लेकिन वर्तमान सरकार उनकी उपेक्षा कर रही है। उन्होंने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिजली बिल, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल की कीमतों और अवैध शराब जैसे मुद्दों पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने महिला आरक्षण के मुद्दे पर भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि महिला आरक्षण को लागू करने में अनावश्यक देरी कर महिलाओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को जो अधिकार और आरक्षण मिला, वह कांग्रेस की देन है।

#### सरकार टाल रही विधेयक

*श्री बैज ने परिसीमन के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इसे आधार बनाकर महिला आरक्षण को टालना सरकार की नीयत पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस हमेशा सामाजिक न्याय, समानता और सभी वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी ने कहा कि श्रमिक समाज की वास्तविक शक्ति हैं और उनके सम्मान के बिना विकास की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदैव श्रमिकों, किसानों, युवाओं , महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई में उनके साथ खड़ी रही है। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने दिया। संचालन राहुल तिवारी ने किया।*

#### कांग्रेस नेताओं ने रखे अपने विचार

सभा को विधायक भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू, हर्षिता बघेल, जितेन्द्र मुदलियार,धनेश पटिला, प्रकाश यादव, छन्नी साहू, भुनेश्वर बघेल सहित अन्य ने संबोधित किया। इस मौके पर संतोष पिल्ले, शाहिद भाई, नवाज खान, पदम कोठारी, मेहुल मारू, थानेश्वर पटिला, भागवत साहू, हेमा देशमुख, विवेक वासनिक, कुतबुद्दीन सोलंकी, अमीन खान, मदन साहू, विभा साहू, महेंद्र यादव, सुयश नाहटा, रितेश जैन, राजकुमारी सिन्हा, चुम्मन साहू, टीकेश साहू, धीरज मेश्राम, संजीव गोमास्ता, रामजी तराने, जितेन्द्र सिंह भाटिया, मतीन खान, शिशुपाल भारती, रतन यादव, हरीश भंडारी, सुरेश सिन्हा, पंचराम चंदेल, राममूरत वर्मा, प्रताप धावडे, धर्मेंद्र साहू, संजय यादव, पियूष दुबे, विश्राम वर्मा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता ( संचा. / संधा.) संभाग, डोंगरगांव

क्र.- 5447-00/सामा./160 डोंगरगांव, दिनांक 04/05/2026

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, डोंगरगांव संभाग के अन्तर्गत विभिन्न 33/11 के. व्ही. लाईनों में मानसून पूर्व मेन्टनेंस कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः निम्नलिखित प्रदर्शित क्षेत्रों में प्रातः 09.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।

| क्र. | दिनांक | दिन | फिडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 06.05.2026 | बुधवार | 11 केव्ही कोकपुर बस्ती फीडर | 11 केव्ही कोकपुर बस्ती फीडर से निकलने वाली रेंगाकठेरा, माथलडबरी, आतरगांव, खुर्शीटिकुल, अछोली, चांदो, देवरी फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 2 | 06.05.2026 | बुधवार | 11 केव्ही करमरी फीडर | 11 केव्ही करमरी फीडर से निकलने वाली बड़भूम, ब. चारभाठा, कापा, कलडबरी, करमरी, अरजकुण्ड फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम । |
| 3 | 06.05.2026 | बुधवार | 11 केव्ही नादिया पंप फीडर | 11 केव्ही नादिया पंप फीडर से निकलने वाली नादिया, घुपसाल, चारभाठा, कुल्हाड़ी फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 4 | 06.05.2026 | बुधवार | 11 केव्ही रामतराई बस्ती फीडर | 11 केव्ही रामतराई बस्ती फीडर से निकलने वाली रामतराई, कुहीकला, कुहीखुर्द फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 5 | 07.05.2026 | गुरुवार | 11 केव्ही कोकपुर पंप फीडर | 11 केव्ही कोकपुर पंप फीडर |
| 6 | 07.05.2026 | गुरुवार | 11 केव्ही आमगांव फीडर | आमगांव कंबल फैक्ट्री |
| 7 | 07.05.2026 | गुरुवार | 11 केव्ही रामतराई पंप फीडर | 11 केव्ही रामतराई पंप फीडर से निकलने वाली रामतराई, कुहीकला, कुहीखुर्द फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 8 | 09.05.2026 | शनिवार | 11 केव्ही बी.टी.आई फीडर | 11 केव्ही बी.टी.आई फीडर से निकलने वाली किल्लापारा, पुराना थाना, बी.टी.आई फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 9 | 11.05.2026 | सोमवार | 11 केव्ही बुचाटोला बस्ती फीडर | 11 केव्ही बुचाटोला बस्ती फीडर से निकलने वाली बुचाटोला, मासूल, ऐटमेटा फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम । |
| 10 | 12.05.2026 | मंगलवार | 11 केव्ही बुचाटोला पंप फीडर | 11 केव्ही बुचाटोला पंप फीडर से निकलने वाली बुचाटोला, मासूल, ऐटमेटा फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 11 | 16.05.2026 | शनिवार | 11 केव्ही टाउन-1 फीडर | 11 केव्ही टाउन-1 फीडर से निकलने वाली मेनरोड डोंगरगांव, मोंगराकॉलोनी, पुराना बस स्टैण्ड, पुराना बाजार फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 12 | 23.05.2026 | शनिवार | 11 केव्ही टाउन-2 फीडर | 11 केव्ही टाउन-2 फीडर से निकलने वाली बोधीटोला, मटिया, आई.एच.एस.डी.पी. सिनेमा लाईन, साकेतधाम फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम । |
| 13 | 26.05.2026 | मंगलवार | 11 केव्ही कुमरदा फीडर | 11 केव्ही कुमरदा फीडर से निकलने वाली मोहड़, ग्रामीण पंप लाईन फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |

टीप :- आवश्यकतानुसार समय घटाई व बढ़ाई जा सकती है।

**बी.के. उइके (9510975)**
**कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग**
**छ. स्टे. पा. डिस्ट्री. कं. लि. डोंगरगांव**

## पहला समस्या निवारण शिविर आसरा पंचायत में छह को

**डोंगरगांव।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार अंतर्गत शासन की प्राथमिकताओं में जन शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण एवं विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से ब्लाक के विभिन्न स्थानों पर जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन होना है। जनपद सीईओ रौशनी भगत ने बताया कि जन समस्या निवारण शिविर हेतु तिथि एवं स्थान निर्धारित किया गया है। डोंगरगांव जनपद पंचायत अंतर्गत आगामी 6 मई को ग्राम पंचायत आसरा में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में आसरा, कोकपुर, विचारपुर नवागांव, सांगिनकछार, तेन्दुनाला, बम्हनीभांठा, खम्हेरा, तिलईरवार, टप्पा, जंतर, चिचदो, माथलडबरी, मोहड़, मनेरी, बरगांव, मारगांव, गिरगांव, गुंगेरी नवागांव के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार 13 मई को ग्राम पंचायत अर्जुनी, 20 मई को ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़, 22 मई को ग्राम पंचायत सोनेसरार में शिविर का आयोजन रखा गया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### तिलईरवार स्कूल परिसर में लगाए गए सकोरे

**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार में पक्षियों एवं अन्य जीव जंतुओं के लिए सकोरे लगाए गए। इसके मुख्य प्रभारी यूथ एवं इको क्लब प्रभारी थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता ने बताया कि गर्मी में बढ़ते तापमान से निजात दिलाने का सबसे सरल साधन पानी है।



पक्षियों एवं अन्य जंतुओं की प्यास बुझाने, भोजन के लिए दाना पानी की व्यवस्था सकोरे लगाकर किया गया है। असीम यदु ने बताया कि घर के बाहर, छत पर या बालकनी में मिट्टी के बर्तन में पानी रख सकते हैं। इस कार्य में प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, अशीम यदु, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, सरोज भुआर्य, थंगेश्वर साहू, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश नेताम, पालकराम वर्मा, नोहरदास लिलहारे, हरिचंद यादव, जितेंद्र कश्यप, रिचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर, मेघनाथ यादव, दानेश्वर साहू एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

### 10वीं का छात्र दीप विजय जिले में तीसरे स्थान पर

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 घोषित किया गया। जिसमें शा.उ.मा.शाला बोरी का कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं में 64 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमें 60 परीक्षार्थी उत्तीर्ण में प्रथम श्रेणी में 37,



द्वितीय श्रेणी में 22 और तृतीय श्रेणी में 01 शामिल रहे। 10 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। परीक्षा में 43 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमें स्कूल से 40 उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 24, द्वितीय श्रेणी में 15 और तृतीय श्रेणी में एक व 3 सप्लीमेंट्री, इस प्रकार परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में दीप विजय गेंद्रे 96.17 प्रतिशत के साथ जिले में तीसरे स्थान प्राप्त करते विद्यालय के साथ-साथ जिले का भी गौरव बढ़ाया।

### जयंती पर नवनियुक्त उपाध्यक्ष का स्वागत



**राजनांदगांव।** चिखली स्थित जिला वैष्णव महासभा भवन में शुक्रवार को महंत राजा दिग्विजय दास वैष्णव की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर राजगामी संपदा के नवनियुक्त उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी का वैष्णव समाज द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिला वैष्णव महासभा के अध्यक्ष गंगादास वैष्णव ने कहा कि आज वैष्णव समाज के लिए गौरव का दिन है। पहली बार समाज से किसी को राजगामी संपदा ट्रस्ट में उपाध्यक्ष का दायित्व मिला है। मनोज निर्वाणी की यह नियुक्ति केवल उनकी नहीं, बल्कि समूचे वैष्णव समाज की उपलब्धि है। नवनियुक्त उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी ने कहा कि समाज ने जो विश्वास और जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरूंगा। कार्यक्रम में वैष्णव महासभा के पदाधिकारी, वरिष्ठ समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

### श्रमिक दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में 1 मई अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रशासन ने श्रमिकों को दैनिक उपयोगी सामग्री भेंट कर उनका अभिनंदन किया। सम्मानित



श्रमिकों में जनक, राजू, नोहर, सुनीता साहू, यशवंत देशमुख, लक्ष्मण एवं रमेश शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज के निदेशक डॉ. मनीष जैन, प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय तथा कार्यक्रम अधिकारी विजय मनिकपुरी उपस्थित रहे। डॉ. मनीष जैन ने कहा कि "श्रमिक समाज की रीढ़ हैं, उनके परिश्रम और समर्पण से ही संस्थान प्रगति करता है।" डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि "कॉलेज परिवार उनके योगदान के बिना अधूरा है, यह सम्मान उनके प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है।" विजय मनिकपुरी ने कहा कि "श्रमिकों का जीवन अनुशासन और परिश्रम का उदाहरण है, हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।" इस अवसर पर श्रमिकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कॉलेज में कार्य करते उन्हें परिवार जैसा वातावरण मिलता है। कार्यक्रम का संचालन बीएड के छात्र चंदन एवं शांति पटेल द्वारा किया गया।

### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित

**राजनांदगांव।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कश्यप, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा एवं सहमति पर जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ की घोषणा की गई है। जिसके अनुसार डॉ. नीलेश सिंह को जिला संयोजक मनोनीत किया गया है। वहीं डॉ. नीलेश सिंह को जिला संयोजक की जवाबदारी मिली। चिकित्सा के क्षेत्र में राजनांदगांव जिले की कमान डॉ. नीलेश सिंह को जिला संयोजक बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा में समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर एवं विभिन्न प्रकार के हेल्थ मेडिकल कैंप का आयोजन चिकित्सा प्रकोष्ठ के माध्यम से निरंतर किया जाता है, इसलिए इस प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिला सह-संयोजक के रूप में डॉ. पीडी मानिकपुरी, डॉ. हरीशचंद्र साहू, डॉ. आलोक भट्टाचार्य को महत्वपूर्ण जवाबदारी दी गई है। चिकित्सा प्रकोष्ठ की घोषणा होने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष तरुण लहरवानी, मंडल अध्यक्ष गोलू गुप्ता, प्रखर श्रीवास्तव, त्रिगुण टांक, नरेश कोचरे, गुलाब वर्मा एवं रवि सिन्हा ने सभी पदाधिकारियों की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते शुभकामनाएं दी है।

### फोरम ऑफ रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर संघ की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** फोरम ऑफ रिटयर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के जिला समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। इस दौरान संघ में सदस्यता ग्रहण करने वाले नए सदस्यों का पुष्पहार एवं गुलाल से स्वागत किया गया। वहीं विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सदस्यों द्वारा अपने-अपने सुझाव दिए गए। जिसमें सदस्यों ने कहा कि फोरम ऑफ रिटयर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के गतिविधि को और अधिक क्रियाशील बनाया जाए। अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने, समाज सेवा कार्य जैसे गर्मी में प्याऊ की व्यवस्था, सर्दी में कंबल वितरण, स्कूली छात्रों की पठन सामग्री वितरण एवं जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य हेतु अभियान प्रारंभ किए जाने जैसे मुद्दों और विषयों पर चर्चा पश्चात ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही केन्द्र के समान पेंशन में 2 प्रतिशत डीए के मांग हेतु राज्य शासन को पत्र प्रेषित करने का भी निर्णय बैठक में लिया गया।

## खटिया में बैठकर ग्रामीणों से किया संवाद, सुनी समस्या दिया समाधान का निर्देश

# पेड़ के नीचे मुख्यमंत्री ने लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सुशासन तिहार अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज अचानक जिले के छुईखदान ब्लाक के सरोधी पहुंचे। मुख्यमंत्री को अचानक अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने गदगद होकर उनका स्वागत किया। गांव की महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने उन्हें महुआ, चार, आम, रखिया बड़ी की टोकरी भेंट कर स्वागत किया। इसी तरह स्कूली छात्रों ने भी श्री साय को अपने हाथों से बनाएं गुलमोहर और कनेर फूल के गुलदस्ता से स्वागत किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सरोधी गांव में के पूर्व माध्यमिक शाला के मैदान में स्थित कटहल और गुलमोहर पेड़ के नीचे खाट में बैठकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि आप सब को मालूम है कि हमारे छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार 1 मई से 10 जून तक चलेगा। लगभग 40 दिनों में पूरी सरकार आपके द्वार पहुंचेगा। सुशासन तिहार में आपका हाल-चाल, सुख -दुख सुनने, महत्वाकांक्षी योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में जानने गांव तक खुद आया हू। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार की जवाबदेही और पारदर्शिता का प्रतीक है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन की योजनाएं कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंचे।

### 28 माह में गारंटी के वादे

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा सरकार को महज 28 माह हुए है जिसमें हमने मोदी की गारंटी के तहत अधिकांश वादे पूरे कर लिए है। हमने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास, 31 सौ क्विंटल में किसानों से लगातार धान की खरीदी, 2 साल का बकाया बोनस, 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 26 किश्तों के माध्यम से लगभग 1700 करोड़ रूपये प्रदान किए जा चुके है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से भी किसानों को नियमित सहायता दी जा रही है। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य जल्द शुरू होगा और इसकी दर 4000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा कर दी गई है, जिससे वनांचल क्षेत्र के लोगों की आय में वृद्धि होगी।



### जमीन पर दिख रही योजनाएं

श्री साय ने कहा कि मुझे बताया गया है कि आपके गाँव में कुल 70 स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास में से 14 लोगों का बनकर तैयार हो गए हैं और 43 प्रगतिरत है। इसी तरह इस गांव में बड़ी संख्या में हमारे विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समाज के लोग निवासरत है। प्रधानमंत्री जनमन आवास के माध्यम से 65 मकान स्वीकृत हुए हैं। जिसमें 63 घर पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है। गांव में वन विभाग द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के 59 हितग्राही सहित कुल 165 लोगों को व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा प्रदान किया गया है साथ ही 9 सामुदायिक वन अधिकार पत्र प्रदान किए है। यहां योजनाओं की अच्छी स्थिति दिख रही है।

### बताई पेयजल की समस्या

मुख्यमंत्री ने चौपाल मे उपस्थित ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और एक-एक कर उनकी समस्या के बारे में पूछा तथा अधिकारियों को जन समस्याओं को जल्द से जल्द निराकरण करने का निर्देश दिया । ग्रामीणों ने इस दौरान मुख्य रूप से गांव में जल जीवन मिशन की समस्या के बारे में अवगत कराया, जिस पर मुख्यमंत्री श्री साय तत्काल संबधित विभाग अधिकारी को व्यवस्था को तत्काल दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

### बकरकट्टा में तैनात रहेगी 108 एम्बुलेंस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जन चौपाल में सरोधी में पीडीएस गोदाम भवन, नवीन ग्राम पंचायत भवन, पूर्व माध्यमिक शाला के लिए नवीन भवन की घोषणा की। साथ ही छुईखदान से बकरकट्टा मार्ग लम्बाई 8 किमी में चौडीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, तेन्दुभाठा से जोम ओटेबंद तक सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित लंबाई 4 किमी, साल्हेवारा-पण्डरापानी समुन्दधानी मार्ग पर मगुरदा नाला पर पुल निर्माण, पीएचसी बकरकट्टा में 108 एम्बुलेन्स की तैनाती, बकरकट्टा से नवागांव सड़क लंबाई 2.70 किमी नवीनीकरण की स्वीकृति सहित क्षेत्र में 33 केवी विद्युत सब स्टेशन की घोषणा की। लोगों के माँग अनुसार कुम्ही से भोथली व्हाया मरकाटोला, लंबाई 8.50 किमी. सड़क, कोपरो से ग्वाल गुंडी सड़क में दो वृहद पुल आर डी 4000 मी पर 60 मी एवं आर डी 4500 मी पर 100 मी तथा बैगा साल्हेवारा से मुरुम सड़क की आर डी 3800 मी पर 80 मी वृहद पुल की घोषणा की।



### सीएम ने मेधावी छात्र गिरवर को किया सम्मानित

**खैरागढ़।** सुशासन तिहार के तहत जारी राज्यव्यापी दौरे के दौरान जिले के सरोधी में आयोजित जन चौपाल में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बकरकट्टा के मेधावी छात्र गिरवर पटेल को सम्मानित किया। दसवीं बोर्ड परीक्षा में 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान हासिल करने के बाद वर्तमान में रायपुर स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत गिरवर की उपलब्धि की सराहना करते हुए सीएम ने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रदेश का नाम रोशन करते हैं और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनते हैं। उन्होंने गिरवर के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि हर छात्र अपने सपनों को साकार कर सके।

## स्कूल में प्रार्थना शेड का भूमिपूजन

**खड़गांव।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में 10 लाख रुपए लागत से बनने वाले प्रार्थना शेड का भूमिपूजन जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रेखा कोठारी,



सरपंच रमिला ध्रुवे, शाला समिति अध्यक्ष एलेंद्र त्रिपाठी आदि उपस्थित थे। स्कूल की प्राचार्य खेमलता दास ने बताया कि प्रार्थना शेड निर्माण होने से छात्र छात्राओं को सुविधा मिलेगी।

## तिलईरवार स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार वर्ष 2026 का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें हाईस्कूल कक्षा 10वीं का परिणाम 95.65 प्रतिशत एवं हायर सेकंडरी का परिणाम 93.87 प्रतिशत रहा।



बोर्ड परीक्षा प्रभारी व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने बताया कि हाईस्कूल कक्षा 10वीं में कुल दर्ज 46 में से 28 प्रथम श्रेणी, 16 द्वितीय श्रेणी एवं दो विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इस तरह 95.65 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम वैशाली 91.50 प्रतिशत, द्वितीय देवकी 86.33 प्रतिशत, तृतीय नेहा एवं लुकेश्वरी 83.50 प्रतिशत के साथ रहे। हायर सेकंडरी कक्षा 12वीं में कुल दर्ज 50 में से 49 प्रविष्टि, 39 प्रथम श्रेणी, 7 द्वितीय श्रेणी, पूरक तीन विद्यार्थी रहे। इस प्रकार कुल 93.87 प्रतिशत परिणाम रहा। कक्षा 12वीं में प्रथम मेनका गणित संकाय 90.4 प्रतिशत, द्वितीय सुमित कुमार गणित संकाय 88.6 प्रतिशत, तृतीय संध्या कला संकाय 75.8 प्रतिशत के साथ रहे। 12वीं कला संकाय का परिणाम 90 प्रतिशत रहा। गणित एवं जीव विज्ञान का 100 प्रतिशत परिणाम रहा एवं वाणिज्य संकाय का परिणाम 91.66 प्रतिशत रहा।

## प्रेस क्लब ने आमजन को किया मठा वितरण

**गंडई पंडरिया।** स्थानीय पत्रकारिता के क्षेत्र में रविवार, 3 मई का दिन यादगार हो गया। गंडई प्रेस क्लब का विधिवत पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ ही यह संस्था अब आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त हो गई है।

इस सफलता की खुशी प्रेस क्लब ने किसी बंद कमरे के बजाय जनता के बीच रहकर मनाया। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच क्लब के सदस्यों ने राहगीरों को ठंडा व स्वादिष्ट मट्ठा पिलाकर अपनी इस खुशी को जन-उत्सव में बदल दिया।

नगर के विश्राम गृह के सामने संचालित प्रेस क्लब के प्याऊ घर में आयोजित इस कार्यक्रम में आत्मीयता का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब के संरक्षक मन्नू चंदेल और राकेश जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति में हुई। उन्होंने अपने हाथों से राहगीरों को शीतल मट्ठा परोसा। इस दौरान संरक्षकों ने कहा कि पंजीकरण केवल एक कानूनी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र की समस्याओं को और अधिक मजबूती व जिम्मेदारी से शासन-प्रशासन तक पहुँचाने का एक नया संकल्प है।




### चिलचिलाती धूप में मिली बड़ी राहत

रविवार को गंडई का साप्ताहिक बाजार होने के कारण आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग नगर पहुंचते है। ऐसे समय में प्रेस क्लब का यह अभियान लोगों के लिए राहत साबित हुआ। लगभग सवा घंटे तक चले इस वितरण कार्य में हजारों लोगों ने मट्ठा पीकर अपनी प्यास बुझाई और प्रेस क्लब की इस सेवाभावी पहल की जमकर तारीफ की।

### जनहित के संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा

प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पंजीकरण के साथ ही संस्था अब अपने स्वयं के बायलाज के दायरे में काम करेगी। इस बायलाज में सामाजिक दायित्वों, पत्रकारिता की गरिमा और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। क्लब का उद्देश्य केवल समाचारों तक सीमित रहना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज बनना है। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद नामदेव सहित रत्नेश कुलदीप, हरि साहू, रोहित देवांगन, अवधेश मिश्रा, सुखनंदन चतुर्वेदी, दामोदर वैष्णव, संजय नामदेव, यावर खान, नरेन्द्र वर्मा, चन्द्रेश महिलांगे व अन्य सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## केदार को मिली पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ की सामाजिक विज्ञान संकाय के अंतर्गत समाजशास्त्र विषय में केदार कुमार पिता संतुराम साहू को ग्रामीण विकास में पंचायतीराज की भूमिका का अध्ययन नामक शोध शीर्षक पर पीएचडी की उपाधि प्रदान किया गया। शोध निर्देशक डॉ. अश्विनी महाजन प्राचार्य भिलाई-3 कॉलेज दुर्ग (छत्तीसगढ़) के मार्गदर्शन में शोध कार्य पूर्ण किया। शोधार्थी द्वारा प्राप्त निष्कर्ष में ग्रामीण विकास में नवाचार पर सुझाव देते युवाओं की राजनीति में समाजसेवा की भावना का ह्रास पाया गया। वहीं 2005-06 के बाद ग्रामीण विकास में वृद्धि दर्ज किया गया । परिणामस्वरुप ग्रामीण रोजगार व कृषि में नवीन तकनीकी, गांव में पेयजल आपूर्ति, पक्की सड़क तथा गांव से खेतों की ओर जाने वाले मार्ग (धरसा) में सुधार हुआ है। जिससे कृषि कार्य में लाभ मिल रहा है। केदार कुमार घुमका तहसील के अंतर्गत सलोनी निवासी है। उनके पिता राजमिस्त्री का कार्य करते हैं तथा केदार वर्तमान में अतिथि व्याख्याता के रूप में शासकीय महाविद्यालय कटे कल्याण में कार्य कर रहे हैं।

## भाजपा के 16 मंडलों में प्रभारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के जिला संगठन प्रभारी जितेन्द्र वर्मा की सहमति से जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते 16 मंडलों में प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की है। इस निर्णय को आगामी चुनावी रणनीति और बूथ स्तर तक संगठन विस्तार के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जिला नेतृत्व के अनुसार इन नियुक्तियों से पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ेगा और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को तेजी से आम जनता तक पहुंचाया जा सकेगा।

मंडल प्रभारी एवं सह-प्रभारी के रूप में सौरभ कोठारी व शीला टाकेश सिन्हा राजनांदगांव उत्तर, रोहित चंद्राकर व हर्ष रामटेके राजनांदगांव दक्षिण, तरुण लहरवानी व देवकुमारी साहू राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व, मुकेश बघेल व ऋषिदेव चौधरी राजनांदगांव ग्रामीण पश्चिम, भावेश बैद व किशुन यदु डोंगरगढ़ शहर, अमित जैन व किरण बारले डोंगरगढ़ ग्रामीण, रवि सिन्हा व जैन कुमार मेश्राम तिलई, अमर लालवानी व मूलचंद भंसाली घुमका, हिरेन्द्र साहू व हरीश शर्मा डोंगरगांव, कैलाश शर्मा व जागृति यादव अर्जुनी, मूलचंद लोधी व जैसल लाल बंटी तुमड़ीबोड़, चंद्रिका डड़सेना व रामकुमार गुप्ता मुसरा-मुरमुंदा, एमडी ठाकुर व दादूराम सोनकर लाल बहादुर नगर, जगजीत सिंह भाटिया व मनोज बैद कुमर्दा, अतुल रायजादा व बोधन साहू छुरिया, अजय पटेल व चिंटू सोनकर गैंदाटोला शामिल है। साथ ही राजा माखीजा को कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## तहसील का दर्जा तो मिला पर सेटअप नदारद, पूर्णकालिक नहीं बैठते एसडीएम

# उपेक्षा का दंश झेल रहा गंडई, नगर विकास की रफ्तार थमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला अस्तित्व में आए लंबा समय बीत चुका है, लेकिन जिले का अभिन्न अंग होने के बावजूद गंडई आज भी अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहा है। विडंबना यह है कि क्षेत्र में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला शहर होने के बाद भी शासन और प्रशासन की फाइलों में गंडई की सुध लेने वाला कोई नहीं है। तहसील का दर्जा तो मिला, लेकिन पूर्ण सेटअप नदारद है। एसडीएम कार्यालय के नाम पर औपचारिकता पूरी की गई है, क्योंकि यहां एसडीएम पूर्णकालिक रूप से बैठते ही नहीं हैं, जिससे आम जनता को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना पड़ता है।

गंडई का अस्तित्व यहां के समृद्ध बाजार पर टिका है। दूर-दराज के क्षेत्रों के लिए यह एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण यहां के व्यापार में अपेक्षित इजाफा नहीं हो पा रहा है। न तो नगर पंचायत और न ही शासन ने व्यापार को नई दिशा देने या व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए कोई ठोस कदम उठाए हैं। बुनियादी ढांचे की कमी के कारण गंडई का व्यवसाय धीरे-धीरे पिछड़ रहा है।

### मांग पर किया जाएगा विचार

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि नगर के काम्पलेक्स के ऊपर स्थित दुकानों के सामने स्पेश बढ़ाने या सीढ़ियों के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि या व्यापारियो ने मांग नहीं किया है। मांग आती है तो उस पर विचार किया जाएगा।

### सुधार होना जरूरी

व्यापारी जैकी सिंघानिया ने बताया कि उन्होंने नगर पंचायत के पास स्थित काम्पलेक्स में ऊपर दुकान ली है परंतु वहां जाने के लिए सही तरीके से सीढ़िया नही है साथ ही दुकान के सामने पर्याप्त स्पेश नही है जिसके कारण उसे गोदाम के रूप में उपयोग कर रहे हैं। गंडई के व्यापार को बढ़ाना है तो दुकानों के सामने स्पेश और बेहतर सीढ़िया बनाना चाहिए।



### शो-पीस बनी दुकानें

शहर के व्यापार को गति देने के उद्देश्य से सैकड़ों दुकानों का निर्माण किया गया था। निचले तल पर तो व्यापार चल रहा है, लेकिन प्रथम तल पर निर्मित 90 प्रतिशत दुकानें शो-पीस बनकर रह गई हैं। व्यापारियों ने दुकानों को इस उम्मीद में खरीदा था कि उनका काम बढ़ेगा, लेकिन अव्यवहारिक निर्माण ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

### दुकान के सामने सीढ़ियां और जगह की कमी

व्यापारियों का कहना है कि ऊपर की दुकानों में व्यापार न होने का सबसे बड़ा कारण त्रुटिपूर्ण बनावट है। चढ़ने-उतरने के लिए न तो सही सीढ़ियां बनाई गई हैं और न ही दुकानों के सामने ग्राहकों के खड़े होने के लिए पर्याप्त जगह है। महिला ग्राहकों के लिए इन दुकानों तक पहुंचना काफी असहज और मुश्किल भरा होता है। इसके विपरीत बस स्टैंड परिसर में बनी दुकानें सफल हैं क्योंकि वहां पर्याप्त जगह और बेहतर सीढ़ियां बनाई गई हैं। अगर अन्य काम्पलेक्स में भी इसी तरह सुधार किया जाए, तो गंडई के व्यापार को नई ऊंचाई मिल सकती है।

### जवाब मांगती जनता

नगर के बुद्धिजीवियों और व्यापारियों का कहना है कि यदि शासन-प्रशासन जल्द ही प्रशासनिक सेटअप को दुरुस्त नहीं करता और व्यापारिक ढांचे में सुधार नहीं लाता, तो गंडई का राजस्व और वजूद दोनों प्रभावित होंगे। अब देखना यह है कि जिम्मेदार नेता,जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस समस्या को गंभीरता से लेते हैं या गंडई इसी तरह प्रशासनिक उपेक्षा का दंश झेलता रहेगा।

### कैसे बढ़ेगा व्यापार

नगर में निर्मित काम्पलेक्स के ऊपर तल पर बनाई गई दुकानों के व्यापार को बढ़ावा देने के लिए आने जाने के लिए पर्याप्त स्पेश वाली सीढ़िया बनाना होगा अगर स्थान नही है तो बाहर से लोहे की सीढ़ियां बनानी होगी इसी प्रकार ऊपर तल में स्थित दुकानों के सामने स्पेश को बढ़ाना होगा। पूर्व में बनाए गए छज्जे को तोड़कर और बड़ा बनाना होगा तभी ऊपर स्थित दुकानों के व्यापार को बढ़ावा मिल सकेगा।

## सार समाचार

### कलेक्टर ने आधी रात अस्पताल का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव**। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बीती रात जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा



लिया। देर रात पहुंचे कलेक्टर ने अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, मरीजों को मिल रही सुविधाओं एवं ड्यूटी पर तैनात स्टाफ की उपस्थिति की जांच की। कलेक्टर ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, वार्डों एवं दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर उपचार एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को समय पर उपचार एवं आवश्यक दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए और अस्पताल में व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखें। कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल में आम जनता को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

### खेल प्रशिक्षण शिविर आज से

**राजनांदगांव**। ग्रीष्मकालीन भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग) खेल प्रशिक्षण शिविर खेल युवक कल्याण विभाग, जय भवानी व्यायाम शाला एवं जिला भारोत्तोलन संघ द्वारा कल 5 मई से स्थानीय जय भवानी व्यायाम शाला में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण शिविर 30 दिवसीय निःशुल्क संचालित किया जाएगा। जय भवानी व्यायाम शाला जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी ने बताया कि उक्त शिविर में छोटे-छोटे बालक एवं बालिका बच्चों को वेटलिफ्टिंग खेल के प्रति बढ़ावा देने तथा शहर व गांव के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के उद्देश्य से यह शिविर प्रारंभ किया जा रहा है। यह शिविर रोजाना सुबह 6 से 8 बजे तक रहेगी। स्थानीय जय भवानी व्यायाम शाला में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग) का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी जय भवानी व्यायाम शाला के सचिव शेख वसीम, सह-सचिव अशोक श्रीवास व नीरज शुक्ला ने दी।

### भूषण सुरगी पचगहिया का अध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव**। निषाद समाज जिला संगठन जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद के निर्देश पर परिक्षेत्र के नेतृत्व में 4 मई को निषाद समाज सुरगी पचगहिया पदाधिकारी का चुनाव भरेंगांव परिक्षेत्र अध्यक्ष चुनाव अधिकारी छगन निषाद, तिलकराम निषाद उपाध्यक्ष, अमृतलाल निषाद महासचिव, चुम्मन निषाद सचिव, अरविंद निषाद संगठन सचिव, उगेश्वर निषाद सहसचिव की उपस्थिति में सुरगी पचगहिया पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। सुरगी पचगहिया नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष भूषण निषाद बेलटीकरी, उपाध्यक्ष भगवान दास निषाद मुड़पार, कोषाध्यक्ष गोगेश्वर निषाद बेलटीकरी, सचिव अनवर निषाद कुम्हालोरी, सह-सचिव उमेश्वर निषाद बुचीभरदा, संगठन सचिव टोमन निषाद सुरगी, महिला अध्यक्ष व महिला सचिव, सलाहकार विदेशी निषाद, अशोक निषाद, सोहनलाल निषाद, शत्रुहन लाल निषाद नवनिर्वाचित सुरगी पचगहिया पदाधिकारियों को जिला व क्षेत्रीय संगठन के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### जमकर आतिशबाजी, एक-दूसरे को खिलाई झलमुरी

# सीएम के संग भाजपाइयों ने मनाया तीन राज्यों में मिली जीत का जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पांच राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की बंगाल, असम और पुडुचेरी में ऐतिहासिक जीत को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जिला भाजपा कार्यालय पहुंचते ही कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा।



चुनाव में जीत का जश्न मनाते ढोल-बाजे के साथ कार्यकर्ता जमकर झूमे। वहीं पटाखे फोड़कर मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को झलमुरी खिलाई।

विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में जमकर उत्साह नजर आया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाने पूरी तैयारी की हुई थी। देर शाम बीजेपी दफ्तर के बाहर मुख्यमंत्री के पहुंचते ही जीत का जश्न मनाने सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित हो गए। इस दौरान पार्टी का झंडा लेकर कार्यकर्ता पूरे उत्साह से ढोल-बाजे के साथ घूमते रहे।

#### कार्यालय में सुना पीएम का संबोधन

चुनाव परिणाम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुनने स्थानीय भाजपा कार्यालय में प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यवस्था की गई थी। प्रधानमंत्री का संबोधन सुनने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, भरत वर्मा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मोपेड व बाइक चोरी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

मोपेड व बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी द्वारा थाना छुईखदान में स्कूटी व बाइक को शराब भट्ठी छुईखदान के पास से कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना छुईखदान में अपराध धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान आरोपी मनोहर साहू 43 साल कोड़का व रोहित वर्मा 25 साल कोड़का के कब्जे से मेस्टरो स्कूटी व बाइक हीरो एचएफ डिलक्स कुल कीमती 65000 रुपए को जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर 4 मई को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी मनोहर साहू एवं रोहित वर्मा को उपजेल सलोनी भेजा गया। उपरोक्त कार्रवाई में छुईखदान पुलिस स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

### भारती स्कूल का 10वीं-12वीं के नतीजे उत्कृष्ट

**राजनांदगांव**। शहर के मध्य स्थित भारती कन्या उ.मा. शाला भरकापारा राजनांदगांव का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें कक्षा 12वीं में मुस्कान यादव प्रथम, आयुषी राजपूत एवं हर्षिता कामडे द्वितीय तथा नंदनी कुंभकार तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह हाईस्कूल परीक्षा 10वीं में ओजस्वी सोनकर प्रथम, जिज्ञासा डोंगरे द्वितीय एवं देविका सोनकर तृतीय स्थान प्राप्त की। शाला परिवार द्वारा सभी सफल छात्रों को बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




## पश्चिम बंगाल ने मुखर्जी को दी सच्ची श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव**। पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा की जीत से प्रफुल्लित होकर महापौर मधुसूदन यादव ने पश्चिम बंगाल की जनता का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते उन्हें धन्यवाद प्रेषित किया है।महापौर ने इस ऐतिहासिक जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ एवं उनकी पूरी टीम के अथक परिश्रम, निपुण रणनीति, और गत वर्षों में बंगाल की गली-गली में, जान हथेली पर लेकर, राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रप्रथम की भावना का प्रचार-प्रसार करते घूम रहे, संघ एवं भाजपा के सैकड़ों अज्ञात कार्यकर्ताओं के परिश्रम एवं बलिदान को प्रणाम किया।

महापौर ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि एवं उनके दूरदृष्टा सोच का उल्लेख करते कहा कि कश्मीर को लेकर ''एक विधान, एक निशान, एक प्रधान'' की परिकल्पना को साकार करने के जिस उद्देश्य के लिए डॉ. मुखर्जी ने अपना बलिदान दिया, उनके उसी सपने को तोड़ने की तैयारी पश्चिम बंगाल में ममता दीदी कर रही थी, किन्तु धन्य है बंगाल की जनता, जिन्होंने राज्य में भाजपा की सरकार बनाकर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी

## भाजपा की जीत सुशासन महिलाओं, युवाओं की विजय



**राजनांदगांव**। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा एवं एनडीए गठबंधन की जीत को लेकरछग़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि यह जनादेश जनता के भरोसे, सुशासन और विकास की नीतियों की जीत है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जिस पारदर्शी और जवाबदेही वाले शासन की नींव रखी है, उसी पर जनता ने विश्वास जताया है।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के संगठनात्मक प्रयासों ने कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा दी। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा को प्राथमिकता देने वाली योजनाओं ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाया है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल के मानबाजार विधानसभा का उल्लेख करते श्री शर्मा ने कहा कि पिछले चुनाव में यहां तृणमूल कांग्रेस विजयी रही थी, लेकिन इस बार जनता ने भाजपा को चुना है। वह स्वयं मानबाजार विधानसभा में दो महीने से अधिक समय तक कार्यकर्ताओं के साथ काम किया। जनता ने निवर्तमान सरकार की विफलताओं को नकारते भाजपा पर भरोसा जताया है।






## श्रमिकों के साथ किया भोजन, पीएम आवास के हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश

# वनांचल में जनचौपाल, लोखान कमराखोल में संवाद महतारी सदन की घोषणा मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर

जनता की समस्याओं के समाधान व शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सुशासन तिहार 2026 के माध्यम से जनता के घर व गाँव तक पहुंचकर सार्थक संवाद किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विष्णु देव साय का पंडरिया विधानसभा के वनांचल ग्राम लोखान व कमराखोल में आगमन हुआ। इस अवसर पर कुई-कुकदुर हैलीपैड में पंडरिया विधायक एवं बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा वनांचल ग्राम लोखान में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को गृह प्रवेश कराया गया व लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी। ग्राम में निर्माणाधीन पंचायत भवन में मुख्यमंत्री द्वारा ईंट जोड़ाई कर निर्माण कार्य में जुटे श्रमिकों से उन्होने मुलाकात की और उनके साथ अंगाकर रोटी एवं बोरे बासी भोजन किया।

तत्पश्चात ग्राम कमराखोल में जन चौपाल के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए व उसका निराकरण किया साथ ही क्षेत्र में महतारी सदन स्थापना और विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की गई जिसके लिए विधायक भावना बोहरा व क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान उन्होंने लखपति दीदीयों, स्वयंसहायता समूह की बहनों तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से मिलकर संवाद किया तथा पीएम आवास योजना के तहत निर्माणाधीन घरों का निरीक्षण किया गया।

### जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे





भावना बोहरा ने आगे कहा कि आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास, सड़कों, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे, इसके लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। इससे समाज के हर वर्ग तक विकास की रोशनी पहुंच रही है। सुशासन तिहार, सरकार और जनता के बीच विश्वास वह नींव है जो शासन के प्रति जनता को यह भरोसा दिलाता है कि सरकार हर कदम पर उनके साथ हैं। यह आयोजन प्रशासनिक दक्षता, संवेदनशीलता और जनहित के प्रति समर्पण का संगम है, जो एक सशक्त और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सुशासन तिहार केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार की उस सोच का प्रतीक है जिसमें जनता केंद्र में है और शासन का हर निर्णय उनके कल्याण के लिए समर्पित है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से पंडरिया विधानसभा के वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विकास की रोशनी घर-घर तक पहुंची है। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत 171 किलोमीटर से अधिक पक्के सड़क व 4 उच्चस्तरीय एवं 10 पुलिया निर्माण की स्वीकृति, 3500 नए पीएम आवास, जल संसाधन विभाग अंतर्गत महीडबरा जलाशय योजना, पुटपुटा व्यपवर्तन योजना, कौआनार व्यपवर्तन योजना, एनिकट कम काजवे तथा नल जल प्रदाय हेतु ग्राम मुनमुना में सिंगल विलेज नल जल प्रदाय योजना की सौगात मिली है। 27 आंगनबाड़ी भवन निर्माण, कुई-कुकदुर में शासकीय महाविद्यालय हेतु भवन निर्माण, विद्युत विहीन गाँव तक बिजली आपूर्ति जैसे कई विकास कार्यों की सौगात और बहुप्रतीक्षित मांगे पूरी हुई हैं जो सीधे तौर पर वनांचल क्षेत्रों के विकास को एक नई दिशा दी।

# कलार समाज बोड़ला क्षेत्र के बारसाती बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

डड़सेना कलार समाज कबीरधाम के जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में बोड़ला परिक्षेत्र का चुनाव शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। सोमवार 4 मई को ग्राम मडमडा में आयोजित इस बैठक में परिक्षेत्र अंतर्गत 16 ग्रामों के सामाजिक सदस्यों की व्यापक उपस्थिति रही। बैठक में सामाजिक एकजुटता का परिचय देते हुए डॉ. बरसाती लाल जायसवाल को सर्वसम्मति से बोड़ला परिक्षेत्र अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया।

उपस्थित हुए ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए समाज के हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष ने समाज की एकता और संगठन को सुदृढ़ बनाने पर बल देते हुए कहा कि नव-निर्वाचित अध्यक्ष के नेतृत्व में परिक्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि आगामी समय में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। इस अवसर पर संरक्षक गुलाब जायसवाल, खेलुराम जायसवाल, रूपचंद जायसवाल, गजेन्द्र जायसवाल, कार्तिक राम, शत्रुघ्न जायसवाल, सालिक राम, आत्माराम, प्रेमलाल, अवध राम, बृजनंदन, उमराव, अमृत सिन्हा तथा महामंत्री रामकुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### चितेरे का विमोचन, जनजाति कला को आगे बढ़ाने संकल्प



**कोलेगांव।** कबीरधाम जिले की पावन धरा भोरमदेव के करिआमा में रविवार को जनजातीय कला के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया। अवसर था राष्ट्रीय जनजातीय चित्रकार एवं राष्ट्रीय पेंटिंग अवार्ड विजेता बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा की बहुचर्चित पुस्तक चितेरे पथ के भव्य विमोचन का। इस समारोह में छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप तथा राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कला प्रेमियों, जनजातीय कलाकारों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। समारोह ने यह संदेश दिया कि जब प्रतिभा को सही मार्गदर्शन और शासन का सहयोग मिलता है, तो वह क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर राष्ट्रीय पहचान स्थापित कर सकती है। समारोह का सबसे भावनात्मक क्षण तब आया जब कृति चंद्रवंशी और बलबीर विश्वकर्मा ने वन मंत्री केदार कश्यप को एक विशेष पेंटिंग भेंट की।

# पंडरिया की बेटियों ने लहराया सफलता का परचम, जिला प्रावीण्य सूची में नाम किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶पण्डरिया

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस, पंडरिया की छात्राओं ने ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है। कबीरधाम जिले की टॉप-10 सूची में जगह बनाकर इन छात्राओं ने न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।

12वीं में वैभवी तिवारी बनीं जिला टॉपर कक्षा 12वीं की छात्रा वैभवी तिवारी ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कबीरधाम जिले की टॉप-10 सूची में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोह मनवाया है।

इसी कक्षा की मानसी गुप्ता ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 92 प्रतिशत अंकों के साथ जिले की मेरिट सूची में अपनी जगह सुरक्षित की। इसके अतिरिक्त, करिश्मा साहू 90.4 प्रतिशत और रागिनी चौरसिया 88 प्रतिशत ने भी शानदार अंक अर्जित किए हैं।

छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य विकास कुमार शुक्ला एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष नवल किशोर पांडेय ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है।

वरिष्ठ व्याख्याता सगराम चंद्रवंशी, गीताराम साहू, चन्द्रविजय जैन सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके निरंतर आगे बढ़ने की कामना की है। पंडरिया क्षेत्र में इस अभूतपूर्व सफलता को लेकर उत्साह का माहौल है।



### 10वीं में पायल और पलक ने मारी बाजी

कक्षा 10वीं के परिणामों में भी विद्यालय का दबदबा कायम रहा। छात्रा पायल जायसवाल ने 92.8 प्रतिशत और पलक सोनी ने 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टॉप-10 सूची में स्थान बनाया। इसके अतिरिक्त रौशनी जायसवाल 88 प्रतिशत दीप्ती चंद्राकर 86.66 प्रतिशत अंक लाकर संस्था को गौरवान्वित किया है।

# फोक नदी पुल से गिरी कार चार युवकों की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶पांडातराई

कबीरधाम जिले के पांडातराई थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है। गड़ाई के पास फोक नदी पर बने पुल से एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई जिससे मौके पर ही 4 युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी।

काफी मशक्कत के बाद घायलों को कार से बाहर निकाला गया। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार सभी युवक रायपुर के बिरगांव क्षेत्र के निवासी थे। वे पंडरिया में एक शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे इसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हो गया। कार में कुल 6 लोग सवार थे, जिनमें से 4 की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों और घायलों की पहचान इस हादसे में मृतकों की पहचान अरमान खान 20 वर्ष, मोहम्मद सैफ 19 वर्ष, अनस अली 21 वर्ष और कौनेन 19 वर्ष के रूप में हुई है। वहीं घायल युवकों में जुनैद रज़ा 21 वर्ष और आरजू खान 19 वर्ष शामिल हैं, जिनका इलाज जारी है।



### तेज रफ्तार बनी हादसे का कारण

तेज रफ्तार बनी हादसे की वज प्राथमिक जांच में दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और वाहन से नियंत्रण खोना बताया जा रहा है। पुल के पास मोड़ होने के कारण कार अनियंत्रित होकर सीधे नीचे जा गिरी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# वनांचल कुकदुर में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल, एक डॉक्टर पर टिका तंत्र

- वनांचल के मरीजों को उठानी पड़ रही है भारी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदुर

कबीरधाम जिले के कुकदुर तहसील स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है। पहाड़ी और दुर्गम वन क्षेत्र में बसे इस इलाके में जहां चार चिकित्सकों की जरूरत है, वहां केवल एक महिला डॉक्टर के भरोसे पूरा अस्पताल संचालित हो रहा है।

बैगा आदिवासी बाहुल्य इस क्षेत्र में दूर-दूर के ग्रामीण इलाज के लिए कुकदुर अस्पताल पर निर्भर हैं। अस्पताल के अधीन सेंदूरखार, रूखमीदादर, पोलमी, भाकुर, पंडरीपानी, मुनमुना, नेऊर, बदना, कामठी, भेलकी सहित करीब 19 उप स्वास्थ्य केंद्र आते हैं, लेकिन इन सभी स्थानों की जिम्मेदारी सीमित स्टाफ के कंधों पर है।

मौजूदा स्थिति में एक मेडिकल ऑफिसर महिला और एक आरएमए महिला ही सेवाएं दे रही थीं, लेकिन हाल ही में एक आरएमए के स्थानांतरण के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं। डॉक्टर को दिन-रात ड्यूटी करनी पड़ रही है, जिससे कार्य का दबाव अत्यधिक बढ़ गया है।

अस्पताल में पोस्टमार्टम, एमएलसी और एक्स-रे जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जिसके कारण यहां लगातार आपातकालीन मरीजों की भीड़ बनी रहती है। इसके बावजूद मात्र एक डॉक्टर के भरोसे पूरी व्यवस्था संचालित होना कई सवाल खड़े करता है। स्टाफ नर्स और एएनएम की संख्या भी आवश्यकता से कम है। वर्तमान में केवल 4 स्टाफ नर्स और 1 एएनएम कार्यरत हैं, जो इतने बड़े क्षेत्र के लिए अपर्याप्त मानी जा रही है।

ग्रामीणों में नाराजगी, जल्द समाधान की मांग स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से की है कि कुकदुर अस्पताल में शीघ्र पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों और स्टाफ की नियुक्ति की जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें और आपातकालीन स्थितियों में समय पर उपचार संभव हो सके।

### बागतराई में मुरूम का अवैध खनन

**डोंगरगढ़।** ग्राम बागतराई में इन दिनों अवैध मुरूम उत्खनन और परिवहन का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी वैध अनुमति के लगातार मुरूम की खुदाई की जा रही है, जिससे न केवल राजस्व को नुकसान हो रहा है बल्कि पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।

**CHANGE OF NAME**

I hitherto known as Sarju alias Sarhu Ram Meravi alias Sarahu S/o Korbhahra, R/o makan no 6, Chhapari, Rajanawagaon,Kawardha, Kawardha Chhattisgarh, 491995. have changed my name and shall hereafter be known as Sarju.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Sarju alias Sarhu Ram Meravi alias Sarahu [Signature (in existing old name)]

**NAME CHANGE**

I hitherto known as ROHNI W/O SHOBHA RAM R/o House num 128 ward num 09, kothar, PO:Piparia, DIST, Kawardha, Chhattisgarh-491995 have changed my name and shall hereafter be known as RUKHMANI GOND.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

ROHNI
Signature(in existing Old Name)
Name of Applicant ROHNI

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सुखदेव ध्रुव आ. जुठेल सिह ध्रुव उम्र 43 वर्ष लग. निवासी ग्राम भोईटोला, कोदवागोड़ान तह. पंडरिया जिला कबीरधाम छ.ग. ने सुरेन्द्र सिह नेताम आ. निगम सिह नेताम, शिवराज सिह नेताम आ. निगम सिह नेताम, धनेश कुमार नेताम आ. निगम सिह नेताम, रेवा बाई नेताम आ. निगम सिह नेताम व अमरीका बाई नेताम पति निगम सिह नेताम सभी अनु. जनजाति जाति गोड़ निवासी ग्राम रेगाखार कला जिला कबीरधाम ने नाम स्वामित्व की भूमि स्वामित्व की कृषि भूमि जो कि ग्राम साल्हेवारा प.ह.नं. 00043 रा.नि.मं. चिल्फी तह. बोडला जिला कबीरधाम मे स्थित खसरा नम्बर 213 कुल रकबा 1.8100 हेक्टेयर भू-राजस्व 2.00 रू. को क्रय करने का सौदा किया है। अगर किसी व्यक्ति को उक्त सौदे की भूमि पर कोई दावा या आपत्ति या उक्त भूमि के विक्रय करने से संबंधित कोई विधित आपत्ति हो तो वो मेरे कार्यालय मे इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मय दस्तावेज आकर अपना लिखित मे पक्ष रखे उक्त अवधि पश्चात उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का दावा या आपत्ति मान्य नहीं होगी। अतः उपरोक्तानुसार सूचना जाने।

भवदीय
अतीत परिहार (अधिवक्ता)
एकता चौक कवर्धा छ.ग.
मो.नं. 97555 74905

**न्यायालय नजूल अधिकारी,**
जिला-कबीरधाम. (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 202604082200019
अ/20 (4), वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दुर्गेश कुमार अवस्थी पिता सुशील अवस्थी साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम ने नजूल नगर कवर्धा स्थित भूमि खसरा नंबर 74/178 क्षेत्रफल 0.0125 हे. जो कि आवेदक दुर्गेश कुमार अवस्थी पिता सुशील अवस्थी के नाम पर भूमि स्वामी के रूप में अभिलेख में दर्ज है। जिसमें से आवेदिका के द्वारा क्षेत्रफल 66.74 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है आवेदन पत्र के साथ भूमि का खसरा व नक्शा और प्रस्तावित मकान का साईड प्लान मय ईश्तहार का शुल्क सहित संलग्न किया गया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 14/05/2026 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 30/04/2026 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांकः-30/04/2026
पेशी दिनांकः-14/05/2026
मुहर
नजूल अधिकारी
कबीरधाम

**न्यायालय नजूल अधिकारी,**
जिला-कबीरधाम. (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 202604082200020
अ/20 (4), वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दुर्गेश कुमार अवस्थी पिता सुशील अवस्थी साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम ने नजूल नगर कवर्धा स्थित भूमि खसरा नंबर 74/177 क्षेत्रफल 0.0125 हे. जो कि आवेदक दुर्गेश कुमार अवस्थी पिता सुशील अवस्थी के नाम पर भूमि स्वामी के रूप में अभिलेख में दर्ज है। जिसमें से आवेदिका के द्वारा क्षेत्रफल 66.74 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है। आवेदन पत्र के साथ भूमि का खसरा व नक्शा और प्रस्तावित मकान का साईड प्लान मय ईश्तहार का शुल्क सहित संलग्न किया गया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 14/05/2026 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 30/04/2026 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांकः-30/04/2026
पेशी दिनांकः-14/05/2026
मुहर
नजूल अधिकारी
कबीरधाम

## सड़क पर बहते गंदे पानी से ग्रामीणो को मिलेगी राहत

# कोदवा कला में नाली निर्माण के लिए राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

कोदवा कला ग्राम पंचायत की लंबे समय से चली आ रही महत्वपूर्ण मांग अब पूरी होने जा रही है। गांव में नाली निर्माण कार्य के लिए जनपद स्तर से राशि स्वीकृत होने के बाद सोमवार को भूमि पूजन के साथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस कार्य के शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।



गांव के बीच से गुजरने वाले इस मार्ग पर लंबे समय से गंदा पानी बहने की समस्या बनी हुई थी। बरसात और सामान्य दिनों में भी सड़क के बीचों बीच पानी जमा रहने से ग्रामीणों, राहगीरों और खासकर स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। यह मार्ग गांव को एक ओर से जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है, इसलिए नाली निर्माण की मांग काफी समय से उठ रही थी। ग्रामीणों का कहना है कि नाली बनने से सड़क पर गंदे पानी का बहाव रुकेगा और आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और सुगम हो जाएगा। इससे आसपास के वार्डों के लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति अश्वनी यदु, सरपंच प्रतिनिधि संतोष धुर्वे, पूर्व सरपंच राकेश सिंगरौल, उपसरपंच अशोक सिंगरौल, पंच भरत सिंगरौल, सालिक राम साहू, राजा साहू, पप्पू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**वारदात: स.लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर की घटना, जांच में जुटी पुलिस**

# सारंगपुर में नग्न अवस्था में मिली महिला की लाश, दुष्कर्म की आशंका


हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा।

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में एक बार फिर सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।

लोहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सारंगपुर के पास रविवार रात एक महिला की नग्न अवस्था में लाश मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक आशंका दुष्कर्म के बाद हत्या की जताई जा रही है, जिसके बाद पुलिस महकमे में भी हलचल तेज हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि स. लोहारा क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर में एक महिला का शव नग्न हालत में पड़ा हुआ है।

सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। मृतका के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की पुष्टि और भी मजबूत होती है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही, मृतका की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, जिससे जांच और भी चुनौतीपूर्ण हो गई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है तथा सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि घटना से जुड़े आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

### जिले की कानून व्यवस्था पर फिर उठे गंभीर सवाल



हालांकि, इस घटना ने जिले की कानून व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह जिला प्रदेश के गृह मंत्री का गृह जिला होने के बावजूद लगातार आपराधिक घटनाओं से दहला हुआ है। आए दिन हत्या, दुष्कर्म और लूट जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे आम जनता में भय और असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इतनी गंभीर घटनाओं के बावजूद पुलिस की सक्रियता और रोकथाम के उपाय प्रभावी नजर नहीं आ रहे हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक इस तरह की घटनाएं होती रहेंगी और प्रशासन सिर्फ जांच के भरोसे अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ता रहेगा?

### घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र में सनसनी व दहशत का माहौल

जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर के पास इस तरह से एक महिला के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और लोगों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं। जिले में कानून व्यवस्था को लेकर जनता का भरोसा डगमगाने लगा है, जिसे बहाल करना अब प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर कवर्धा में जश्न

## जमकर की गई आतिशबाजी, बंटी मिठाइयां



■ विधायक कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत के बाद पूरे देश के साथ-साथ कबीरधाम जिले में भी उत्साह और जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है।

कवर्धा विधायक कार्यालय में पूर्व जिला पंचायत सदस्य व स्थानीय विधायक विजय शर्मा की धर्म पत्नी श्रीमती रश्मि विजय शर्मा ने इस अभूतपूर्व विजय उल्लास के अवसर पर बंगाल की संस्कृति की परिचायक झालमुड़ी के साथ साथी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर खुशियां मनायी। विधित होकि कवर्धा के स्थानीय विधायक व राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी को पश्चिम बंगाल के इस चुनाव में विशेष दायित्व सौंपा गया था जिसमे वे शत प्रतिशत खरे उतरे भाजपा समर्थकों ने विधायक कार्यालय में ढोल-नगाड़ों की धुन, देशभक्ति के नारों और आतिशबाजी के साथ पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया गया। इस अवसर पर श्रीमती रश्मि विजय शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को झालमुड़ी और मिठाई खिलाकर बधाई दी और कहा कि यह जीत देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व, संगठन की सुदृढ़ रणनीति और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों, सुशासन और जनहितकारी योजनाओं पर जनता ने एक बार फिर मुहर लगाई है। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल में कमल खिलना केवल एक राजनीतिक जीत नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रवाद, विकास और पारदर्शी शासन की विचारधारा की विजय है।

श्रीमती शर्मा ने यह भी कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है और यही कारण है कि देशभर में जनता का भरोसा लगातार पार्टी पर बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इसी उत्साह और समर्पण के साथ संगठन को और मजबूत करने में जुटे रहें तथा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत देश की जनता के विश्वास और विकास जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा उमंग पाण्डेय ने कहा कि बंगाल में कमल खिलना युवाओं की सोच में आए बदलाव और भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत है।

## खबर संक्षेप

### फार्मासिस्ट ग्रेड-2 का परिणाम घोषित

**कवर्धा।** व्यापमं के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत फार्मासिस्ट ग्रेड-2 पद की भर्ती परीक्षा 14 अप्रैल को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम व्यापमं की वेबसाइटव पर जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी स्वयं के प्रोफाइल में लॉगिन कर स्वयं का परिणाम देख सकते हैं।

### डीएलएड मुख्य व अवसर परीक्षा 28 मई से

**कवर्धा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा द्वारा डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष मुख्य/अवसर परीक्षा वर्ष-2026 की समय सारणी जारी कर दी गई है। जारी कार्यक्रम अनुसार प्रथम वर्ष की सैद्धांतिक परीक्षा 28 मई से 12 जून व द्वितीय वर्ष की परीक्षा 29 मई से 10 जून तक होगी। परीक्षा सुबह 9 से 12.15 बजे तक होगी।

### राज्य सेवा की मुख्य परीक्षा 6 से 9 जून तक

**कवर्धा।** छग लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2025 की लिखित परीक्षा की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। ये 6 जून से 9 जून तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में होगी। प्रवेश पत्र परीक्षा तारीख के लगभग 10 दिन पूर्व आयोग की आधिकारिक वेबसाइट उपलब्ध कराए जाएंगे।

### ऑफलाइन संपर्क कक्षा का शेड्यूल जारी

**कवर्धा।** पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन विवि ने ऑफलाइन संपर्क कक्षा का शेड्यूल जारी किया है। इसमें सत्र जुलाई-जून 2025-26 अंतर्गत एमए हिन्दी प्रथम व अंतिम वर्ष की ऑफलाइन संपर्क कक्षा 14 मई तक होगी।

# तेज रफ्तार हाइवा का कहर, एक की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

कोदवागोडान-कामठी मार्ग पर आज फिर एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया।

पुराने शराब भट्ठी के पास एक तेज रफ्तार हाइवा ने मोटर साइकिल सवार दो व्यक्तियों को बेरहमी से रौंद दिया। इस दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में जीवन-मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पंडरिया की ओर से गिट्टी लदा एक हाइवा क्रमांक सीजी 09 जेपी 6077 अत्यधिक तेज गति से आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही मोटर साइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति इसकी चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।



### भारी वाहनों की रफ्तार बनी जानलेवा

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक साल से इस मार्ग पर सड़क निर्माण के नाम पर गिट्टी और रेत की ढुलाई के लिए बड़े-बड़े हाइवा वाहनों का तांता लगा रहता है। ये भारी वाहन दिन-रात गांव के बीच से गुजरते हैं और इनकी रफ्तार पर कोई अंकुश नहीं है। गांव के भीतर गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) न होने के कारण चालक बेखौफ होकर वाहन दौड़ाते हैं, जिससे आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

### आक्रोश, बायपास की मांग

ग्रामीणों ने और खास कर यहां की महिलाओं ने जिला प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से कई बार शराब भट्ठी को गांव से बाहर पूर्व दिशा में स्थानांतरित करने की गुहार लगाई है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आक्रोशित लोगों ने शराब भट्ठी को तत्काल वर्तमान जगह से हटाकर गांव के पूर्व दिशा में रखे जाने,गांव के भीतर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित कर बायपास सड़क का निर्माण कराए जाने के अलावा गांव के भीतर घनी आबादी से गुजरने वाली सड़क में गति अवरोधक बनाए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन प्रशासन की अनदेखी से ग्रामीणों में भारी असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। सूत्रों से जानकारी मिली है कि बाइक सवार युवक लोरमी क्षेत्र अंतर्गत खुड़िया दुल्लापुर के रहने वाले हैं इनमे से एक युवक की शादी अभी एक सप्ताह पहले ही ग्राम माठपुर में हुई थी।

### शराबियों की रफ्तार व हुड़दंग से ग्रामीण त्रस्त

हादसे का मुख्य केंद्र बनी यहां की शराब भट्ठी है जो ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बन चुकी है। वर्तमान में शराब भट्ठी जिस इलाके में है वहां जाने के लिए बस्ती के बीच से जाना पड़ता है जिससे दिन भर शराब प्रेमियों का आना जाना लगा रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि शाम होते ही शराबी तेज रफ्तार बाइक और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए हुड़दंग मचाते हैं। इससे न केवल गांव का माहौल खराब हो रहा है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों का सड़क पर निकलना भी दूभर हो गया है।

# महिला आरक्षण पर भाजपा की जुमला राजनीति के खिलाफ जिला कांग्रेस का निंदा प्रस्ताव




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा नगर पालिका परिषद के कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में आज भाजपा की झूठ, धोखे और महिला विरोधी मानसिकता के खिलाफ जोरदार हमला बोलते हुए सर्वसम्मति से कड़ा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में साफ कहा गया कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर देश की महिलाओं के साथ सबसे बड़ा राजनीतिक छल कर रही है।कांग्रेस पार्षद दल ने एक स्वर में मांग की कि संसद और सभी विधानसभाओं में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण तुरंत लागू किया जाए, और इसके लिए जनगणना व परिसीमन का बहाना बनाकर महिलाओं के अधिकारों को लटकाना बंद किया जाए।

वॉर्ड क्रमांक 16 की पार्षद रूबी सिंह द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर बोलते हुए पार्षदों ने भाजपा को सीधे-सीधे झूठ की फैक्ट्री करार दिया। पार्षदों ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा यह कहना कि कांग्रेस ने महिला आरक्षण बिल रोका, यह सफेद झूठ है। हकीकत यह है कि 2023 में महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा और राज्यसभा से सर्वसम्मति से पास होकर कानून बन चुका है, लेकिन भाजपा सरकार जानबूझकर इसे लागू नहीं कर रही।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा को महिलाओं के अधिकार से कोई लेना-देना नहीं है, इन्हें सिर्फ वोट चाहिए। अगर नीयत साफ होती तो कानून बनने के बाद अब तक आरक्षण लागू हो चुका होता। भाजपा सिर्फ झूठ बोलकर महिलाओं को ठग रही है। शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा महिला सशक्तिकरण का ढोंग करने वाली भाजपा की असलियत अब जनता के सामने आ चुकी है। ये सरकार सिर्फ जुमले देती है, अधिकार देने से भागती है।

ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने कहा मोदी सरकार सच से डरती है, इसलिए झूठ का सहारा लेती है। महिला आरक्षण पर भाजपा का हर बयान जनता को गुमराह करने की साजिश है। नेता प्रतिपक्ष भीखम कोशले ने सीधा हमला बोलते हुए कहा भाजपा महिलाओं को उनका हक देने से भाग रही है। ये सरकार अधिकार नहीं, सिर्फ धोखा देती है। महिलाओं के नाम पर राजनीति बंद करे भाजपा।

### कांग्रेस पार्षद दल ने दी चेतावनी

कांग्रेस पार्षद दल ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर महिला आरक्षण को तत्काल लागू नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन छेड़ेगी और भाजपा के हर झूठ को जनता के बीच बेनकाब करेगी।

# सुशासन तिहार के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी, उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर कार्यक्रम स्थल पर अपनी बात रखने पहुंचे थे। बताया गया है कि कार्यकर्ता प्रदेश में बढ़ते अपराध, घरेलू गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम, वनांचल क्षेत्रों में जल संकट, खराब सड़क व्यवस्था तथा किसानों के गन्ना भुगतान लंबित जैसे गंभीर विषयों को उठाना चाहते थे। हालांकि, आरोप है कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने से पहले ही पुलिस ने युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ताओं को जबरन हिरासत में लेकर थाने पहुंचा दिया। इस कार्रवाई की युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रभान कोशले ने कड़ी निंदा की है।



उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र के मूल अधिकारों का हनन है और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना हर नागरिक का अधिकार है, जिसे इस प्रकार दबाया नहीं जा सकता।

गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं में चंद्रभान कोशले, तेजस्वी चंद्रवंशी, शिव गायकवाड़, प्रदीप यादव, राजकुमार अनंत, कन्हैया रजक, अजय बंजारे, अंगत पटेल, श्रवण साहू, देवरत चंद्रवंशी, हनी सिंह, संदीप कुमार, परमेश्वर धुर्वे सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के सदस्य शामिल हैं।

युवा कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि वह जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी संघर्ष जारी रखेगी। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गरमा गया है और विपक्ष ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं।

# भीषण गर्मी मे भी देशी फ्रिज की पूछ परख कम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

किसी जमाने में हर वर्ग के लोगों के बीच देशी फ्रीज के नाम से अपनी खासी पेठ बनाने वाले मटके, सुराही एवं छागल पर आधुनिकता की काली छाया ऐसी पड़ी की इस भरी गर्मी में भी इसकी पूछ परख अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो रही है और कुम्हारों का धंधा मंदा नजर आ रहा है।

आलम ये है कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में आज मटका सुराही एवं छागल का अस्तित्व खतरे में दिख रहा है। यहां बताना लाजमी होगा कि एक समय था जब ट्रक व अन्य वाहन चालकों द्वारा अपनी प्यास बुझाने व सूखे कंठों को तर करने के लिए छागल का उपयोग किया जाता था और अधिकांश वाहनो में में छागल बंधा दिखाई दे जाता था। लेकिन अब छागल के बदले मिनरल वाटर की बोतलें गीले कपड़ों में लिपटी दिखाई पड़ती है। गर्मी के मौसम में प्यास बुझाने के लिए ठण्डे पानी की दरकार रहती है, इसी ठण्डे पानी की लालसा में प्रायः सभी अपने घरों में फ्रीज मटका एवं छागल का उपयोग करते है। बीते कुछ सालों से यह देखने में आया है कि बाजार से मटका एवं छागल की मांग कम हो गई है। छागल की मांग तो इस कदर घट गई है कि अब ये ढूंढने से भी नहीं मिल पाता। इसी तरह गर्मियों में हर घर की प्यास बुझाने वाले मटके की पूछ परख धीरे-धीरे कम होती जा रही है। इसकी मुख्य वजह बढ़ती सुविधाओं और बाजार को माना जा रहा है।

**टमाटर आम लोगों की पहुंच से हो रहा दूर, लोकल आवक हो रही कम**

# गर्मी में भी हरी सब्जियों के दामों में नरमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अमुमन ग्रीष्म ऋतु में एक तो हरी सब्जी की आवक बेहद कम होती है और उस पर भी उनके दाम काफी ज्यादा होते हैं। लेकिन इसे नगर के लोगों की खुशकिस्मती ही कहें की अंचल के सब्जी उत्पादक किसान और ग्रामीण उन्हें न सिर्फ इस भीषण गर्मी में हरी व ताजा सब्जी उपलब्ध करा रहे हैं बल्कि किफायती व कम दामों में।

जी हां ग्रीष्म ऋतु के इस दौर में कवर्धा नगर हरी और ताजा सब्जियों की किस्मों से अटा पड़ा है। जिसकी खरीदी के लिए हर रोज सब्जी बाजार में लोगों का रैला भी देखा जा सकता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनो सब्जी बाजार में भिंडी, लोकी, चुटचुटिया, तोरई, बरबट्टी, कद्दू, कुंदरू, भांटा, की भरमार है और ये सभी सब्जी मात्र 20 से 40 रूपए किलो में बिक रही है। इसके अलावा पत्तेदार सब्जियों की बाद की जाए तो लाल भाजी, चौलई भाजी, पालक भाजी, खेड़ा भाजी, कांदा भाजी, घोलो भाजी, अमारी भाजी, चैंच भाजी जैसी भाजियों की भी अच्छी आवक बनी हुई है।

बाजार में ये तमाम भाजी 10 रूपए में तीन-चार जूरी के हिसाब से खूब बिक रही है। यही स्थिति धनिया पत्ती और हरी मिर्ची की भी है तो अभी बाजिब दामों में उपलब्ध हो रही है। माना जा रहा है कि यह अंचल के सब्जी उत्पादक किसानो की मेहनत का ही नतीजा है जो लोगों को भीषण गर्मी के इस दौर में भी किफायती दामों में हरी सब्जियां भरपूर मात्रा में उपलब्ध हो रही है।

स्थानीय सब्जी उत्पादक किसानों ने बताया कि सिंचाई के साधन उपलब्ध होने के कारण उनके द्वारा अपनी बाड़ियां में सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है। जिसके चलते बाजार में लोकल बाड़ी से निकलने वाली सब्जी की अच्छी आवक बनी हुई और उनके दाम भी कम हैं।



### बाहरी सब्जियों के दामों में उछाल

लोकल बाड़ी से निकलने वाली सब्जियों के विपरीत अगर बाहरी सब्जी की बात की जाए तो उनके दामों में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। इन दिनो बाजार में परमल 60 रूपए, करेला 50 रूपए, फूल गोफी 60 रूपए टिंडा 80 रूपए, सिमला मिर्च 60 रूपए किलो के भाव से बिक रही है।

### बाहरी टमाटर से मिलेगी राहत

इस भीषण गर्मी में भले ही लोकल बाड़ी का टमाटर नगर के सब्जी बाजार से नदारत है जिसके कारण टमाटर के दाम 40 रूपए तक पहुंच गए है। लेकिन माना जा रहा है कि बाहरी टमाटर की खेप पहुंचने के बाद टमाटर के दाम भी लोगों की पहुंच में होंगे।

# कृषि व्यापारियों ने 20 सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के कृषि व्यापारी इन दिनों विभिन्न व्यावसायिक और व्यवस्थागत समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिससे न केवल उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है बल्कि किसानों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

इन समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर कवर्धा कृषि व्यापारी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आशीष कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि जिले के खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेता कई गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिनका सीधा असर कृषि व्यवस्था और किसानों पर पड़ रहा है।

एसोसिएशन ने मांग की है कि उर्वरकों की आपूर्ति सीधे बिक्री केंद्र तक सुनिश्चित की जाए तथा डीलर मार्जिन न्यूनतम 8 प्रतिशत निर्धारित किया जाए। इसके साथ ही एक्सपायर्ड कीटनाशकों की वापसी अनिवार्य करने और छोटी त्रुटियों पर निलंबित लाइसेंस को 21 दिनों में स्वतः बहाल करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई है।

व्यापारियों ने खाद, बीज और कीटनाशक के लिए सिंगल विंडो लाइसेंस प्रणाली लागू करने, सोसाइटी के माध्यम से नगद खाद विक्रय पुनः शुरू करने तथा स्थानीय कंपनियों की गुणवत्ता पर सख्त निगरानी रखने की आवश्यकता जताई है। इसके अलावा अनधिकृत बीज पैकिंग और बिना विवरण वाले उत्पादों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग भी की गई है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि उर्वरक वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए जीपीएस और सीसीटीवी के माध्यम से ट्रैकिंग अनिवार्य की जाए। साथ ही कंपनियों और होलसेलर व्यापारियों द्वारा फुटकर व्यापारियों के साथ किए जा रहे कथित भेदभाव, अनियमित आवंटन और पैकिंग मटेरियल के जबरन थोपे जाने पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई गई है।